सूरतगढ़ में बरामद हुए 24 लाख रुपए के नकली नोट, देश भर में किए जाते थे सप्लाई - Fake notes seized

श्रीगंगानगर : जिले के सूरतगढ़ में बुधवार को चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लाख रुपए के नकली नोट और नोट बनाने के उपकरण बरामद किए हैं. राजियासर थाना इलाके के गांव 4 डीडब्ल्यूएम बीरमाना में पुलिस ने छापा मारा, जहां नकली नोटों का कारोबार किया जा रहा था. इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कई अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी दबिश दी, जो इस गिरोह से जुड़े होने की आशंका में पुलिस की नजर में थे.

वहीं, श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि यह कार्रवाई चंडीगढ़ पुलिस द्वारा की गई. उन्होंने कहा कि पंचकूला में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान पुलिस को सूरतगढ़ इलाके में आरोपियों के होने के इनपुट मिले थे. छापे के दौरान बीरमाना गांव के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ जारी है. तीन दिन पहले भी चंडीगढ़ पुलिस ने इसी गांव के रामचंद्र और सुजानगढ़ के जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था. इनसे हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने सूरतगढ़ की ग्रीन वैली कॉलोनी में छापा मारा, जहां से 24 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए. इसके साथ ही नकली नोट बनाने के लिए उपयोग किए जा रहे लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं.

देशभर में नकली नोटों की सप्लाई का पर्दाफाश : प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह बड़े पैमाने पर नकली नोट छापता था और इन्हें देशभर के प्रमुख शहरों में सप्लाई करता था. साथ ही आरोपियों के हवाला कारोबार से जुड़े होने का भी संदेह जताया जा रहा है. हवाला के जरिए ये नकली नोट चंडीगढ़, पटियाला, पंचकूला समेत कई बड़े शहरों में चलाए जा रहे थे.

इस तरह खुला मामला : यह मामला तब सामने आया जब पंचकूला निवासी रोहित भूटानी ने नकली नोटों के धोखाधड़ी की शिकायत की. रोहित पिछले 7-8 सालों से रेडीमेड कपड़ों का कारोबार कर रहे हैं और उसने पुलिस को बताया कि आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू ने उनसे कपड़े खरीदने के लिए 2,50,000 रुपए का भुगतान किया था. रोहित ने बिना जांच किए नकदी स्वीकार कर ली, लेकिन बाद में जब उन्होंने इन नोटों का उपयोग करना चाहा, तो उन्हें पता चला कि ये नकली थे. आरोपी से संपर्क करने पर फोन बंद मिले, जिसके बाद रोहित ने पंचकूला पुलिस में मामला दर्ज कराया. इस मामले की जांच के दौरान ही चंडीगढ़ पुलिस सूरतगढ़ पहुंची और यह बड़ी कार्रवाई की.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!bharat/chandigarh-police-raided-a-village-in-sriganganagar-and-seized-fake-notes-worth-rs-24-lakh-hindi-news-rjn24090407037